### -हाईकोर्ट ने टिप्पणी के साथ गांधी मेडिकल कालेज का विज्ञापन किया निरस्त

# पदोन्नति से भरे जाने वाले पद के लिए नहीं कर सकते सीधी भर्ती

**जबलपुर ।** मप्र हाईकोर्ट ने एक आदेश में साफ किया कि पदोन्नति से भरे जाने वाले पद के लिए सीधी भर्ती नहीं जारी कर सकते। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने इस टिप्पणी के साथ गांधी मेडिकल कालेज, भोपाल द्वारा डाक्टरों की भर्ती के लिए जारी विज्ञापन को अवैध करार देते हुए निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने पाया कि स्वायत्तशासी कालेज की कार्यकारिणी ने सीधी भर्ती के पदों का विज्ञापन देने से पहले आंतरिक उम्मीदवारों की पदोन्नति की प्रक्रिया पर निर्णय नहीं लिया था। कोर्ट ने कालेज प्रबंधन को नियुक्ति प्रक्रिया नये सिरे से प्रारंभ करने के आदेश जारी किए ।



भोपाल निवासी डा. रजनी ठाकुर की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि एनेस्थीसिया विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर का पद पदोन्नति द्वारा भरा जाना चाहिए था। वह कॉलेज के एनेस्थीसिया विभाग में 12 वर्षों से अधिक समय से सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यरत थीं, इसलिए उन्हें इस पद पर पदोन्नति मिलनी चाहिए थी। कालेज प्रबंधन के द्वारा पदोन्नति प्रदान करने की बजाय सीधी भर्ती से उक्त पद पर नियुक्ति प्रदान करने का निर्णय लिया गया। नियम अनुसार फीडर लाइन से पदोन्नति द्वारा भरा जाने वाला पद सीधी भर्ती से नहीं भरा जा सकता है।

अस्पताल प्रबंधन की तरफ से तर्क दिया गया कि सर्वोच्च न्यायालय के स्थगन के कारण पदोन्नति नहीं दी जा सकती है। राज्य सरकार ने सीधी भर्ती के माध्यम से पदोन्नति के पदों को भरने की अनुमति प्रदान की है। याचिकाकर्ता के तरफ से तर्क दिया गया कि सीधी भर्ती के माध्यम से उससे जूनियर को एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया जा सकता है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि पदोन्नति द्वारा पद भरने में कानूनी बाधा है, इसलिए उन्होंने सीधी भर्ती को आगे बढ़ाया है और इसे आंतरिक उम्मीदवारों तक सीमित कर दिया है। स्वायत्तशासी कालेज की कार्यकारिणी ने सीधी भर्ती के पदों का विज्ञापन देने से पहले आंतरिक उम्मीदवारों की पदोन्नति की प्रक्रिया पर निर्णय नहीं लिया था।

## सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के चलते आगे नहीं बढ़ाई जा सकती पैरामेडीकल कॉलेज मामले की सुनवाई

**हाईकोर्ट ने कहा**

मप्रहाईकोर्ट ने बुधवार को पैरामेडिकल कॉलेजों में बिना मान्यता और विश्वविद्यालय से संबद्धता के छात्रों को दाखिला देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में मामला लंबित होने के चलते आगे सुनवाई नहीं की। जस्टिस अतुल श्रीधरन व जस्टिस प्रदीप मित्तल की खंडपीठ ने कहा कि अवैध दाखिलों और पैरामेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ शैलोज़ जोशी के द्वारा दिये गये झूठे शपथ पत्र के आरोपों की जांच फिलहाल सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के चलते आगे नहीं बढ़ाई जा सकती।याचिकाकर्ता लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने मामले की पिछली सुनवाई के दौरान आरोप लगाया था कि पैरामेडिकल काउंसिल रजिस्ट्रार डॉ शैलोज़ जोशी ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दोनों जगह भिन्न शपथ पत्र दाखिल किए हैं। जिसमें हाईकोर्ट में कहा गया कि किसी भी कॉलेज में मान्यता या विश्वविद्यालय की संबद्धता के बिना छात्र दाखिल नहीं किए। जबकि सुप्रीम कोर्ट में यह स्वीकार किया गया कि 2023-24 के सत्र में 21,894 छात्र दाखिले हुए हैं। जबकि एक भी कॉलेज को एमपी आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय से संबद्धता नहीं मिली है । याचिकाकर्ता की ओर से इस झूठे हलफनामे के मामले में काउंसिल के रजिस्ट्रार, डॉ. शैलोज जोशी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर आवेदन दाखिल किया गया था । हालाँकि कोर्ट ने फिलहाल मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन होने के कारण कोई एक्शन लेने से इंकार कर दिया है और सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही पूरी होने तक हाईकोर्ट में पैरामेडिकल मामले की सुनवाई स्थगित कर दी है ।मामले में पैरामेडिकल काउंसिल की ओर हाईकोर्ट से आग्रह किया गया कि चूँकि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कार्रवाई स्थगित की है इसलिए पैरामेडिकल मामले को नर्सिंग मामले से पृथक कर दिया जावे । इस मामले में याचिकाकर्ता की ओर से आपत्ति पेश करते हुए तर्क दिए गए कि मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आगामी सुनवाई में रोक लगाई है इसलिए इस मामले को नर्सिंग मामले से पृथक करने संबंधी आवेदन पर भी विचार वर्तमान में नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता के तर्कों से सहमत होते हुए फिलहाल पैरामेडिकल मामले को नर्सिंग मामले से पृथक करने के संबंध में कोई आदेश पारित करने से इंकार कर दिया ।

# शराब के लिये फिरौतीखोरी इंकार पर चाकू से हमला

हरिभूमि, जबलपुर।

**बरगी में दो वारदातें तीन विधि विवादित बालक सहित छह आरोपी गिरफ्तार, चार चाकू बरामद**

बरगी क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। शराब पीने के लिये जबरन रुपये मांगने और इंकार करने पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाली गैंग को पुलिस ने धर दबोचा है। आरोपियों में तीन विधि विवादित नाबालिग भी शामिल हैं। पुलिस ने कुल छह लोगों को गिरफ्तार कर चार चाकू जब्त किये हैं।

### केस 1: डेम किनारे हमला

19 अगस्त को 21 वर्षीय गौरव गिरी गोस्वामी अपने साथियों के साथ बरगी डेम पर घूमने पहुँचा था। तभी बाबू नामक आरोपी और उसके पांच साथी पहुंचे और शराब के लिए 2 हजार रुपये की मांग करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने चाकू से हमला कर दीपक लोधी को पेट में और साहिल श्रीपाल को पीठ में घायल कर दिया। किसी तरह युवक अपनी बाइक से भागकर अस्पताल पहुँचे।

### केस 2: रास्ते में घेरकर हमला

20 अगस्त की रात बरगी नगर में धर्मेंद्र बेन पर भी आरोपियों ने 500 रुपये की मांग करते हुए चाकू से हमला किया। धर्मेंद्र को दोनों जांघ, पीठ और हाथों में गंभीर चोटें आईं।

### छिपकर बैठे मिले आरोपी-

घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए। एएसपी अंजना तिवारी और सीएसपी अंजुल मिश्रा के मार्गदर्शन में टीम गठित हुई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नंदकेश्वर मंदिर के पास दबिश दी और 19 वर्षीय बाबू उर्फ कृष्णकुमार धौसेल, 23 वर्षीय अतुल उर्फ गौरव झारिया, 21 वर्षीय अरुण उर्फ अन्नू काला बर्मन तथा एक नाबालिग को दबोच लिया। तलाशी में चार चाकू बरामद हुए। दो अन्य नाबालिग आरोपी भी बाद में पकड़े गए।

### जेल भेजे गए आरोपी-

तीनों बालिग आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है वहीं तीनों नाबालिगों को किशोर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका-

इस गैंग को पकड़ने में टीआई बरगी जितेंद्र पाटकर, चौकी प्रभारी सरिता पटेल, एएसआई राजेंद्र उइके और आरक्षक सतवन मरावी, मुकेश डेहरिया, मयंक चौरसिया की अहम भूमिका रही।

## बिना मीटर रीडिंग के एवरेज बिल भेजे जाने की बात निराधार

**पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी का दावा**

**जबलपुर।** पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं को मीटर रीडिंग के आधार पर ही विद्युत बिल जारी किए जा रहे हैं और एवरेज बिल भेजे जाने की खबरें भ्रामक व तथ्यहीन हैं।कंपनी के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में कुल उपभोक्ताओं के मात्र 1 प्रतिशत से भी कम मीटर जले हुए या बंद/खराब हैं। ऐसे मामलों में एक से दो बिलिंग साइकिल के भीतर मीटरों को बदलने की कार्रवाई की जाती है। इसी प्रकार, ग्रामीण क्षेत्रों में गैर-घरेलू और औद्योगिक उपभोक्ताओं के खराब मीटरों की संख्या भी 1 प्रतिशत से कम है। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू उपभोक्ताओं के बीच खराब मीटरों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक है, लेकिन मीटर बदलने की प्रक्रिया सतत रूप से जारी है और कंपनी के पास पर्याप्त मात्रा में मीटर उपलब्ध हैं। कंपनी ने यह भी बताया कि खराब या बंद मीटर वाले उपभोक्ताओं को टैरिफ प्रावधानों के अनुसार अनुमानित खपत पर आधारित बिल जारी किए जा रहे हैं। कंपनी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जले और बंद मीटरों के कारण कंपनी को करोड़ों रुपये की हानि होने का दावा पूरी तरह से निराधार है।

# शहर को 18 माह में मिलेगी जल प्लावन से मुक्ति

**राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने नगर निगम को दी 222 करोड़ की मंजूरी**

**जबलपुर।** शहरवासियों को लंबे समय से जलभराव की समस्या से जूझना पड़ रहा है, लेकिन अब राहत की खबर है। भारत सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जबलपुर को बाढ़ नियंत्रण और रोकथाम परियोजना के लिए 222 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। यह फंड चौथे चरण की नगरीय बाढ़ नियंत्रण योजना के अंतर्गत 11 चुने गए शहरों में जबलपुर को शामिल करने के बाद जारी किया गया है।महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और निगमायुक्त प्रीति यादव ने मंगलवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि यह राशि उनके संयुक्त प्रयास और सकारात्मक पहल का परिणाम है। महापौर ने दावा किया कि अगले 18 माह में शहर को स्थायी रूप से जलभराव की समस्या से मुक्त कर दिया जाएगा।महापौर ने बताया, इस योजना के तहत शहर में वर्षा जल निकासी के लिए विस्तृत सर्वे किया जाएगा। इसमें कंटूरिंग, 3डी एलिवेशन मॉडल और पिछले 50 वर्षों के वर्षा आंकड़ों का विश्लेषण शामिल होगा। इन आधारों पर "वर्षा जल निकासी मास्टर प्लान" तैयार कर कार्य किया जाएगा। महापौर ने बताया जलप्लावन वाले क्षेत्रों में स्थित तालाबों का जीर्णोद्धार और अतिक्रमण हटाकर उनकी क्षमता बढ़ाई जाएगी। तालाबों के चारों ओर बाउंड्री वॉल और मैकेनिकल गेट लगाए जाएंगे। शहर में व्यापक स्तर पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग और पारगम्य पेवर का काम होगा। शासकीय भवनों में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किए जाएंगे। बड़े नालों और उनसे जुड़े छोटे नालों व पुलियों का निर्माण। लो-लाइन एरिया में कृत्रिम तालाब और मोबाइल पम्पिंग स्टेशन की व्यवस्था। इसमें डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) बनाने के लिए 4 माह का समय और कार्य पूर्ण करने की 18 माह की समय सीमा तय है। पत्रकारवार्ता में महापौर और निगमायुक्त ने बताया कि जबलपुर के ललपुर और कठौंदा 32 एसटीपी को भारत सरकार के जल ही अमृत सर्वेक्षण 2025 में 5 स्टार रेटिंग प्राप्त हुई है। इसके आधार पर जबलपुर को 8 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन भी मिला है। यह राशि दोनों एसटीपी को सौर ऊर्जा से संचालित करने पर खर्च की जाएगी। योजना के तहत करीब 1.5 मेगावाट क्षमता के सोलर पैनल लगाए जाएंगे, जिससे बिजली खर्च का 90 प्रतिशत हिस्सा कम किया जा सकेगा।

## सड़क परिवहन निगम कर्मचारियों को राहत

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने मप्र सड़क परिवहन निगम कर्मचारियों को वीआरएस के समय प्राप्त उपादान, एक्सग्रेसिया, महंगाई एवं अवकाश नगदीकरण की अन्तर राशि का भुगतान 6 प्रतिशत ब्याज सहित देने के निर्देश दिए। जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने सपनि के प्रबंध निदेशक को निर्देश दिए कि याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों के तहत विचार कर उचित निर्णय पारित करें।मप्र ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन (इन्टक) के कार्यवाहक अध्यक्ष शंकर दयाल शर्मा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आदित्य अहिवासी, रजनीश शर्मा एवं कमलेश बहादुर सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्धारित किया है कि सड़क परिवहन निगम के कर्मचारी महंगाई एवं अन्य हितलाभ प्राप्त करने के अधिकारी हैं। दरअसल, पूर्व में इन्दौर की खण्डपीठ ने आदेश पारित किया था बढ़े हुए महंगाई भत्ते के कारण ग्रेच्युटी, अवकाश नगदीकरण एवं एक्सग्रेसिया के अन्तर राशि सपनि कर्मचारी 6 प्रतिशत ब्याज सहित दें। इसके खिलाफ निगम ने हाईकोर्ट की डबल बेंच के समक्ष अपील पेश की, जोकि निरस्त हो गई। इसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद कर्मचारियों व उनके परिजनों को उक्त लाभ नहीं मिल रहा था, इसलिए दोबारा याचिका दायर की ।

### आज से 23 अगस्त तक मदनमहल—दमोहनाका मार्ग पर वाहनों की आवाजाही होगी प्रतिबंधित

# फ्लाई ओवर लोकार्पण से पहले ट्रैफिक डायवर्सन लागू

हरिभूमि, जबलपुर।



मदन महल चौक से दमोहनाका तक बनने वाले बहुप्रतीक्षित फ्लाईओवर का लोकार्पण 23 अगस्त को प्रस्तावित है। कार्यक्रम गुलजार होटल के सामने सड़क पर होगा। कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों के चलते 20 से 23 अगस्त तक यातायात डायवर्सन प्लान लागू किया गया है। इस दौरान वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से होकर गुजरना होगा।

### वैकल्पिक मार्ग इस प्रकार रहेंगे

### छोटी लाईन से मेडिकल-

छोटीलाईन चौक से मेडिकल की ओर जाने वाले सभी वाहन बंदरिया तिराहा, ग्रेनेड चौक, शक्ति भवन होकर डीआईजी कार्यालय, शक्तिनगर चौक, एलआईसी होते हुए मेडिकल की ओर जा सकेंगे।

### मदनमहल चौराहे से छोटीलाईन

वाहन मदनमहल चौराहे से घूमकर एलआईसी तिराहा, शक्तिनगर चौक, डीआईजी कार्यालय, ग्रेनेड चौक, बंदरिया तिराहा होकर सदर बाजार या मदनमहल स्टेशन अंडरब्रिज से शहर की ओर जा सकेंगे।

### एलआईसी तिराहे से शहर

मेडिकल की ओर से आने वाले सभी वाहन एलआईसी तिराहा से शक्तिनगर चौक, डीआईजी कार्यालय, ग्रेनेड चौक, बंदरिया तिराहा होकर सदर बाजार और शहर की ओर जा पाएंगे।

### त्रिपुरी चौक से शहर आने वाले वाहन

मेडिकल से आने वाले लोडिंग वाहन और सिटी बसें त्रिपुरी चौक से पंडा की मढ़िया, गौतम जी की मढ़िया, कछपुरा होकर शहर की ओर जाएंगी। वहीं छोटी लाइन से आने वाली सिटी बसें ग्रेनेड चौक, नयागांव, बरगी हिल्स होते हुए निकलेंगी।

**नागरिकों से अपील**

यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू है। संस्कारधानीवासियों से अपील है कि असुविधा से बचने के लिए इन वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें और पुलिस को बेहतर यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग दें।

# प्लॉट दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि, जबलपुर।

**-42.54 लाख हड़पकर फरार हुआ था आरोपी, पुलिस ने जीरो डिग्री से दबोचा**

शहर में प्लॉट दिलाने का झांसा देकर लाखों की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी 38 वर्षीय गुरूमूर्ति निवासी सर्वोदय नगर उजारपुरवा, लोगों को झूठा विश्वास दिलाकर जबलपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की स्कीम में भूखंड दिलाने का दावा करता था।

### 2021 से चला आ रहा था फर्जीवाड़ा

शिकायतकर्ता कंचन दीक्षित ने पुलिस को बताया कि गुरूमूर्ति ने पड़ोसियों के माध्यम से पहचान बनाई और जे.डी.ए. अधिकारियों से जान-पहचान का हवाला देते हुए स्कीम नं. 06 में 4500 वर्गफुट का प्लॉट दिलाने का वादा किया। इस बहाने उसने अलग-अलग किश्तों में 42 लाख 54 हजार रुपये वसूले।

### जेडीए ने झाड़ा पल्ला-

गुरूमूर्ति ने रकम जमा कराने की फर्जी रसीदें भी दीं। जब पीड़ित महिला और उसकी परिचित सविता पांडेय ने जे.डी.ए. कार्यालय में जांच कराई तो पूरा खेल उजागर हुआ। जे.डी.ए. अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया कि कोई वैसी रसीद या रजिस्ट्री जारी ही नहीं हुई।

### धोखाधड़ी का सिलसिला और आंशिक वापसी

शिकायत करने की धमकी पर आरोपी ने किश्तों में करीब 29 लाख रुपये लौटाई। लेकिन 13 लाख 54 हजार रुपये लौटाने से लगातार बचता रहा और आखिरकार फरार हो गया।

# मरीज स्मार्ट सिटी में ही भर्ती करो, वरना अंजाम भुगतो

## ऑडियो वायरल अस्पताल संचालक का पर्दाफाश, अमित खरे के गुर्गों की धमकी

हरिभूमि, जबलपुर।

**हरिभूमि फॉलोअप**




**फोन पर लगातार मिल रही धमकियाँ, पुलिस जांच में जुटी**

स्मार्ट सिटी अस्पताल के संचालक डॉ. अमित खरे का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब गुर्गे खुलेआम एम्बुलेंस संचालकों को फोन पर धमकी दे रहे हैं कि मरीजों को सिर्फ स्मार्ट सिटी अस्पताल में ही भर्ती करो, वरना गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। इन धमकियों के कई ऑडियो क्लिप्स सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं, जिसने पूरे शहर में सनसनी फैला दी है।

### सोशल मीडिया पर मचा हड़कंप-

वायरल हुए ऑडियो में साफ-साफ सुना जा सकता है कि गुर्गे एम्बुलेंस चालकों को दबाव में ले रहे हैं और मेडिकल या अन्य अस्पताल की तरफ जाने पर गंभीर अंजाम भुगतने की चेतावनी दे रहे हैं। इन ऑडियो ने न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खोल दी है बल्कि यह भी साफ कर दिया है कि जबलपुर में इलाज अब माफिया राज के कब्जे में है।

### पुलिस तक पहुंची धमकी की गूंज-

जैसे ही ऑडियो वायरल हुए, वे सीधे पुलिस अधिकारियों तक पहुंचे। मामला गंभीर मानते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। ऑडियो में गुर्गे साफ तौर पर गंदी-गंदी गालियों के साथ दमोह और नरसिंहपुर जिले के एम्बुलेंस संचालकों को धमकाते हुए मारपीट और जान से मारने की धमकी देते सुनाई दे रहे है।

### जनता में आक्रोश, प्रशासन मौन-

शहरवासियों का कहना है कि यह केवल कानून-व्यवस्था का मसला नहीं, बल्कि मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ है। जब अस्पताल संचालक और उसके लोग यह तय करने लगें कि किसे कहाँ भर्ती होना है, तो गरीब और लाचार मरीजों की जिंदगी किसके भरोसे है?

### पुराने घोटालों की छाया-

गौरतलब है कि अमित खरे का विवादों से गहरा नाता रहा है। आयुष्मान कार्ड फर्जीवाड़ा और एप्पल अस्पताल घोटाले की काली छाया अब भी लोगों के ज़ेहन में ताजा है। ऐसे में एक बार फिर उसका नाम सामने आने से सवाल उठ रहे हैं कि क्या पुलिस इस बार माफिया राज पर नकेल कसेगी या फिर मामला पुराने मामलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

### दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई-

ऑडियो क्लिप्स की जांच की जा रही है। जिन नंबरों से धमकी दी गई है, उनकी कॉल डिटेल निकाली जा रही है। मामले में यदि अस्पताल संचालक या उनके गुर्गों की संलिप्तता साबित होती है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**-संपत उपाध्याय, पुलिस कप्तान**

### 8 माह में ही क्षतिग्रस्त हो गई सड़क, जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं, लोगों को आने जाने में हो रही परेशानियां

# पुरवा से पटपरा मार्ग के उड़े परख़च्चे

हरिभूमि बरेला।



प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कुछ वर्षों पूर्व निवास मार्ग पर पुरवा से पटपरा मार्ग का निर्माण कराया गया था। वर्तमान में 8 माह पूर्व इस रोड का नवीनीकरण किया गया था किंतु इस रोड पर हैवी वाहन चलने के कारण यह रोड 8 माह में ही पूर्णतया क्षतिग्रस्त हो गई है तथा इस रोड में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं तथा रोड के दोनों तरफ शोल्डर पट्टी का नाम तक नहीं है इसके कारण लोगों को आने-जाने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस रोड का नवीनीकरण हो जाने के पश्चात भी ठेकेदार द्वारा इस रोड की बारिश पूर्व मरम्मत नहीं की गई थी जिसके कारण बारिश होने पर यह रोड और भी कीचड़ में तब्दील हो गई है। इस रोड से प्रतिदिन गुजरने वाले अतुल दुबे ने बताया कि इस रोड से दोपहिया वाहन से भी निकलना मुश्किल है किंतु इसके बावजूद भी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों द्वारा इस रोड का निरीक्षण न करने और ठेकेदार द्वारा समय समय पर इस रोड की दुरुस्ती नहीं की जा रही है। इसकी वजह से लोगों को बारिश में इस गड्ढे वाली सड़क से होकर गुजरना पड़ रहा है ।बताया जाता है कि ठेकेदार द्वारा इस रोड का नवीनीकरण होने के पश्चात आज तक एक भी कोई कार्य नहीं कराया गया है ठेकेदार द्वारा केवल बोर्ड वगैरह ही बदले गए हैं किंतु मेंटेनेंस के नाम पर कोई भी कार्य नहीं किया गया है जिसके कारण लोगों को इस बारिश में मुश्किलो से जूझना पड़ रहा है। इनका कहना है श्रद्धा भार्गव शुक्ला महाप्रबंधक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जबलपुर .....रिंग रोड के निर्माण में हैवी वाहन चलने के कारण रोड क्षतिग्रस्त हो गई है। एन एच ए आई और खनिज विभाग के अधिकारियों को रोड के मरम्मत हेतु पत्र लिखा गया है।



## पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी जी की जन्म जयंती मनाई

**बरेला।** संचार क्रांति के जनक, सूचना का अधिकार, पंचायती राज का श्रीगणेश,कर महात्मा गांधी जी के सपने को साकार करने वाले, युवाओं को मतदान का अवसर, महिलाओं को बराबर की भागीदारी जैसे साकारात्मक सोच के धनी पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी के जयंती सद्भावना दिवस पर नगर कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष विपिन झारिया के निवास स्थान पर तैलचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित कर जयंती मनाई गई सभी कांग्रेस जनों ने आपके पदचिन्हों पर चलते हुए भारत माता की सेवा में समर्पित होकर एकता और अखंडता के लिए संघर्षरत रहने का संकल्प लिया। आप अपने विचारों और कार्यों के लिए अमर रहें ।इस अवसर पर जिला महासचिव अरविंद तिवारी, मंडलम अध्यक्ष विपिन झारिया, बद्री पांडे,हाजी जहीर अहमद, सुभाष सेन,मुन्ना झारिया, शहीद तोले खान,शेख सलीम,दुर्गा झारिया, सारिका सिंह ठाकुर, विनीता कुशवाहा,रतन झारिया, डुमारी झारिया, देवेंद्र पटेल, जमील खान, आदि मौजूद रहे।

## श्रीराम यात्रा में संतोष महाराज ने दिया नशा मुक्ति का संदेश



**मझौली।** टारगेट युवा शक्ति वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित श्रीराम यात्रा के 146वें कार्यक्रम में कथावाचक संतोष महाराज पहुंचे। उन्होंने श्रीराम व हनुमान जी का पंच स्नान व षोडशोपचार पूजन कर युवाओं को नशा छोड़ने का संदेश दिया। महाराज ने पत्रकार महेंद्र कोष्टा, मुकेश नेमा व राजकुमार सेन को गमछा भेंट कर सम्मानित किया।इस अवसर पर आशीष तिवारी, शिवकुमार प्रजापति, प्रिंस साहू, अंकुर राजपूत, गिरीश पालीवाल, सौरभ सैनी, लल्ला गोटियां, गुलशन साहू, हिमांशु साहू, मयंक कोष्टा, भरत कोष्टा, रविशंकर मिश्रा, अजय ठाकुर, विकास पटेल, राहुल चौधरी सहित बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए।

### जबलपुर में एनएसयूआई का पोस्टकार्ड अभियान प्रारंभ

## छात्र-छात्राओं ने "वोट चोरी" के खिलाफ बुलंद की आवाज




**जबलपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज से प्रदेशभर के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में "वोट चोरी" के खिलाफ पोस्टकार्ड अभियान का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में आज भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (NSUI) जबलपुर इकाई द्वारा सेंट एलॉयज महाविद्यालय, सदर में जिला अध्यक्ष सचिन रजक के नेतृत्व में कैनोपी लगाकर अभियान का संचालन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और चुनाव आयोग द्वारा किए जा रहे पक्षपातपूर्ण व्यवहार एवं राष्ट्रीय स्तर पर उभर रहे गंभीर मुद्दे "वोट चोरी" के खिलाफ अपनी आवाज दर्ज कराई।

जिला अध्यक्ष सचिन रजक ने इस अवसर पर कहा कि "आज का यह अभियान केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि छात्र समुदाय की सजगता और लोकतंत्र की रक्षा का सशक्त प्रयास है। हमारा कर्तव्य है कि हम युवा अपने मताधिकार के महत्व को समझें और जब भी लोकतंत्र पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो, तब अपनी आवाज बुलंद करें।"



## समाजसेवी आशीष ठाकुर युवा प्रतिभा सम्मान से सम्मानित

**जबलपुर।** गोविंदराम सेकसरिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के शासी निकाय के पूर्व अध्यक्ष स्व यशवंत शंकर धर्माधिकारी जन्म शताब्दी समारोह में मोक्ष मानव सेवा कल्याण समिति के संस्थापक समाजसेवी आशीष ठाकुर को युवा प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। जीएस महाविद्यालय के जमनालाल बजाज स्मृति सभागार में आयोजित जन्मशताब्दी समारोह में सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति देवदत्त माधव धर्माधिकारी, न्यायमूर्ति सत्यरंजन धर्माधिकारी आदि ने कहा कि हम अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं, क्योंकि जिन हस्तियों का सम्मान किया जा रहा है, वह पहले भी बहुत बार सम्मानित हो चुकी हैं। मोक्ष के आशीष ठाकुर वह कार्य करते जो कोई नहीं करता। लावारिसों को लोग उनके हाल पर छोड़ देते हैं परंतु आशीष ठाकुर न केवल उनका इलाज करवाते हैं बल्कि उनकी सेवा भी स्वयं ही करते हैं। जन्मशताब्दी समारोह में जीएस कॉलेज के प्राचार्य सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।




## 36वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल कुश्ती प्रतियोगिता प्रारंभ

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर द्वारा आयोजित की जा रही 36वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल कुश्ती प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ 20.08.2025 (बुधवार) को रेलवे स्टेडियम जबलपुर में अपर महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, प्रमोद कुमार खत्री, महानिरीक्षक/ रेलवे सुरक्षा बल, राजीव कुमार के द्वारा किया गया।

## जबाली कपल किटी द्वारा कृष्ण जन्म उत्सव सेलिब्रेशन



**जबलपुर।** स्थानीय जबाली कपल किटी ग्रुप ने बड़े ही धूमधाम और भक्ति भाव से कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया, कपल किटी में सभी सदस्य पारंपरिक वेशभूषा में सम्मिलित हुए। प्रीति सुहाने, विज्ञान सुहाने परिवार ने आयोजित किटी में सभी का हृदय से स्वागत कर समा बांध दिया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री कृष्ण भजन से करते हुए विज्ञान सुहाने, राजकुमार शराफ, संजय जैन, वीरेंद्र भारती ने कई गाने क्रमशः प्रस्तुत किये। कपल किटी के सदस्य पर्यावरण के प्रति सजग रहकर प्रत्येक कपल को पौधा देकर सम्मानित करते हैं। सभी पुरुष कृष्ण और महिलाएं राधा की वेशभूषा धारण कर मनमोहक रूप प्रस्तुत कर रहे थे। मटकी फोड़ सबसे आकर्षक का केंद्र रहा। राजीव चतुर्वेदी, प्रशांत चौरसिया, अतुल ओसवाल के साथ श्रीमती रजनी, श्रीमती रेणु, श्रीमती विनीता, श्रीमती कविता और श्रीमती प्रीति सुहाने ने बताया कि जन्मोत्सव केवल उत्साह ही नहीं, बल्कि एक अवसर है कि हम कृष्ण के आदर्श, सत्य धर्म और प्रेम, को अपने जीवन में उतारें। इस कार्यक्रम में सौम्या सुहाने विशेष रूप से दुबई से जबाली कपल किटी में भाग लेने आई थीं।

## जनभागीदारी समिति की बैठक संपन्न, छात्रहित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय



**मझौली।** शासकीय महाविद्यालय मझौली में जनभागीदारी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं के हित में कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक के साथ-साथ महाविद्यालय परिसर का निरीक्षण भी किया गया। बैठक की अध्यक्षता जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष हेमंत मिश्रा ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. तनुज चमोली सहित जनभागीदारी समिति के सदस्य रोहित साहू, धर्मेंद्र पटेल, प्रभु पटेल, मथुरा प्रसाद मिश्रा, चरण लाल सेन उपस्थित रहे। महाविद्यालय की ओर से डॉ. गौरीकांत मिश्रा, डॉ. भजनलाल प्रधान, अनुराग मिश्रा सहित समस्त स्टाफ भी बैठक में शामिल रहा। बैठक में शैक्षणिक एवं बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने, विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने तथा आगामी सत्र में नवीन योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर सकारात्मक चर्चा की गई।



स्व. राजीव गांधी जन्म जयंती पर शामिल हुए नेता प्रतिपक्ष

## मप्र में भी वोट चोरी कर बनाई गई सरकार : सिंघार

**जबलपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जन्म जयंती सद्भावना दिवस के रुप में नौदराब्रिज उनकी प्रतिमा स्थल पर मनाई गई। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी शामिल हुए। श्री सिंघार ने राजीव गांधी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद पत्रकारों से अनौपचारिक चर्चा के दौरान कहा कि कांग्रेस द्वारा वोट चोरी को लेकर चलाए जा रहे अभियान संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने जो खुलासा किया है और जो प्रमाण सामने रखा है उससे चुनाव आयोग की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर कई सवाल खड़े हो गए। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा का रबर स्टैंप कर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि मप्र में भी वोट की चोरी कर भाजपा की सरकार बनाई गई है। उन्होंने कहा कि पूरी पार्टी राहुल गांधी के समर्थन में खड़ी है। उन्होंने राजीव गांधी का स्मरण करते हुए कहा कि आज भाजपा और उसकी सरकारे डिजिटल इंडिया की बात कर रहे है लेकिन वास्तव में संचार क्रांति और सूचना प्रौद्योगिकी के जनक राजीव गांधी ही है। उन्होंने देश के नव निर्माण में योगदान दिया है।

### शोक संवेदना व्यक्त करने भनोत हाऊस पहुंचे

नगर प्रवास के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार गोरखपुर स्थित भनोत हाउस पहुंचे जहां उन्होंने पूर्व मंत्री चंद्रकुमार भनोत के निधन पर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की और भनोत परिवार के प्रति सांत्वना व्यक्त की। राजीव गांधी के जन्मजयंती के कार्यक्रम में कांग्रेस नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव, विधायक लखन घनघोरिया, दिनेश यादव, सतीश तिवारी, पूर्व सेवादल अध्यक्ष झल्लेलाल जैन, पूर्व पार्षद मुकेश राठौर, विवेक यादव, अनुराग जैन गढ़वाल, रामदास यादव, उपनेता प्रतिपक्ष गुड्डु नबी, ब्लाक अध्यक्ष शिवकुमार चौबे, महिला सेवादल अध्यक्ष मीनाक्षी स्वामी, पार्षद सचेतक पं अयोध्या तिवारी, आदि उपस्थित थे।

### 6 बदमाशों ने रंगदारी मांगने की वारदात, 2 घायल

## बरगी डेम घूमने गए युवकों पर चाकू से हमला

**जबलपुर।** बरगी थाना अतंर्गत बरगी डेम में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने पर 6 बदमाशों ने दो युवकों पर चाकू से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। दोनों घायलों को उपचार के लिए बरगी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां से दोनों को मेडीकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिए।

बरगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगई बरखेड़ा थाना चरगवां निवासी 21 वर्षीय गौरव गिरी गोस्वामी गत दिवस अपने साथी रोहित भूमिया, अरविंद ठाकुर, अरविंद बर्मन, साहिल श्रीपाल, दीपक लोधी के साथ अलग अलग तीन मोटर सायकलों से दोपहर लगभग 3 बजे बरगी डेम पहुँचे और मोटर सायकलें किनारे खड़ी करके सामूहिक सेल्फी ले रहे थे तभी वहां 6 लड़के डेम की पट्टी पर बैठे थे जो उन लोगों को देखकर आपस में बात कर रहे थे एवं कुछ समय बाद सभी लड़के उनके पास आये और तुम लोग बाहर के लग रहे हो यहां घूमना है तो पैसे देने पड़ेगें कहते हुये सभी शराब पीने के लिये 2 हजार रूपये और मोबाइल की मांग करने लगे, रूपये देने से मना करने पर सभी ने चाकू निकालकर उन लोगों को घेर लिया और जान से मारने की नियत से बाबू ने चाकू से दीपक लोधी के पेट पर, अन्नू ने चाकू से साहिल की पीठ पर जानलेवा हमला कर दिया। अतुल नाम के लड़के ने चाकू से गौरव गिरी के पेट में मारने की कोशिश को तो उसने चाकू पकड़ लिया जिससे उससे चोट आ गयी। तीन लड़कों में एक लड़का नाम करन था अन्य 2 लड़कों के नाम नहीं पता है। गौरव गिरी तथा उसके दोस्त उन लड़कों से बचकर अपनी अपनी मोटर सायकल से वहां से भागे एवं दीपक तथा साहिल को उपचार हेतु बरगी अस्पताल लेकर गये जहां से दोनों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 109(1),119(2), 191(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**श्री जुगल यादव-** इंद्रा नगर गुप्तेश्वर नगर निगम कार्यालय के पास निवासी श्री रमेश यादव के पुत्र श्री जुगल यादव (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति ठाकुर-** हाथीताल कॉलोनी निवासी श्रवे बाबू सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती शांति ठाकुर (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सूर्यांश तिवारी-** मढ़ाताल निवासी श्री संजय तिवारी के पुत्र श्री सूर्यांश तिवारी (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुसुम बाई सोंधिया-** फूटाताल ढ़ीमर मोहल्ला निवासी श्री राम प्रसाद सोंधिया की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम बाई सोंधिया (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**डॉ. आनंद गोपाल नेमा-** रामनगर अधारताल निवासी डॉ. आनंद गोपाल नेमा (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कन्हैया लाल आहूजा-** घंटाघर सिंधी धर्मशाला के पास निवासी श्री कन्हैया लाल आहूजा (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गीता सिन्हा-** सिग्मा कान्हा सालीवाड़ा निवासी श्री डीके सिन्हा की धर्मपत्नी श्रीमती गीता सिन्हा (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गुलजारी लाल-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री गुलजारी लाल (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गंगजला-** रामनगर




गढ़ा गुलौआ निवासी श्री बालेश्वर की धर्मपत्नी श्रीमती गंगजला (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राममणि चौरसिया-** मिलौनीगंज निवासी श्री किशोर चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती राममणि चौरसिया (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री घनश्याम सिंह-** पोलीपाथर बादशाह हलवाई मंदिर के पास गौरीघाट रोड निवासी श्री घनश्याम सिंह (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरोज सिंह-** सुभाष नगर गोहलपुर निवासी श्री अमर सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज सिंह (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री नेपाल कुमार दास-** द्वारका नगर कस्तूरबा नगर लालमाटी निवासी श्री नेपाल कुमार दास (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला बावरिया-** गली नं. 23, सदर निवासी श्री शंभूनाथ बावरिया की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बावरिया (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती हर्षिता शर्मा-** अमखेरा रोड सुशीला परिसर निवासी श्री विभाकर शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती हर्षिता शर्मा (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100

**नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे उद्घाटन**

# प्रदेश के सबसे बड़े फ्लाईओवर का लोकार्पण 23 अगस्त को




जबलपुर।

मध्य प्रदेश के सबसे बड़े फ्लाईओवर मदनमहल से दमोहनाका तक बने 7 किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर का लोकार्पण आगामी शनिवार, 23 अगस्त को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जाएगा। लोकार्पण की तैयारियों की समीक्षा के लिए प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ फ्लाईओवर का निरीक्षण किया। उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि यह फ्लाईओवर जबलपुर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाएगा और शहर को महानगरीय स्वरूप देने में मील का पत्थर साबित होगा।श्री सिंह ने बताया कि वर्ष 2004 में जब उन्होंने पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ा था, तभी उन्होंने फ्लाईओवर निर्माण को अपने संकल्प पत्र में शामिल किया था। वर्ष 2014 में केंद्र में मोदी सरकार के गठन के बाद नितिन गडकरी ने इस परियोजना को सीआरएफ से मंजूरी दी।लगभग 1100 करोड़ रुपये की लागत से बना यह फ्लाईओवर, न केवल मध्यप्रदेश का सबसे लंबा है, बल्कि इसमें देश का सबसे लंबा सिंगल स्पान केबल स्टे ब्रिज भी शामिल है जिसकी लंबाई 192 मीटर है। इसके अलावा, रानीताल और बलदेवबाग में कुल तीन बो स्ट्रिंग ब्रिज भी बनाए गए हैं, जिनकी लंबाई लगभग 70 मीटर है।फ्लाईओवर के नीचे पर्यावरण संरक्षण के लिए 50 हजार पौधों का रोपण किया गया है। साथ ही ओपन जिम, बास्केटबॉल कोर्ट और बच्चों के लिए पार्क जैसी सुविधाएं भी विकसित की गई हैं। मार्गदर्शन हेतु 10 स्थानों पर दिशा सूचक बोर्ड लगाए गए हैं। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, नीरज सिंह, संतोष बरकडे, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय, नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव सहित कई वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# आत्म विश्वास से ही समाज सेवा की प्रेरणा मिलती है

जबलपुर।

भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय की आयुध निर्माणी संगठन की यूनिट जीआईएफ से रिटायर्ड हुए राजपत्रित अधिकारी प्रमोद दुबे, ओपीसिंह, एसके सरकार, पीएन झा, गुरमुखदास एवं अनिल शुक्ला, ने सुखद मङ्गलकामनाएँ करते हुए अपनी अपनी सुदीर्घ कालीन देश सेवाओं का स्मरण करते हुए अपने आपको गौरवशाली और सौभाग्यशाली मानते हुए अपने महान देश की आन,वान और शान हमेशा अक्षुण बनाये रखने के लिए राष्ट्र धर्म की भक्ति और सेवा,करने का समर्पित संकल्प लिया। आयुध संगठन की सेवा विशेषज्ञ अधिकारी, कार्य कौशल स्टाफ, श्रम वीरता के पर्याय मेहनत कश कर्मचारियों ने पूरे मनोयोग व उत्साह पूर्वक सेवा करते आ रहे है। रिटायरमेंट के बाद भी अपनी कर्मभूमि की मधुर स्मृतियां को संजोकर एक दूसरे से बांट लेते है। हमेशा अपने राष्ट्र, अपनी कर्मभूमि की निरन्तर उन्नति व अपने साथी अधिकारी, कर्मचारियों की प्रगति की कामनाएं करते हुए एक दूसरे के प्रति आज भी स्नेहिल सद्भाव बनाएं हुए है। अनिल शुक्ला ने बताया कि शहर की अमृत होटल में मित्र मिलन की यादगार बैठक पर प्रमोद कुमार दुबे,ओम प्रकाश सिंह, सपन सरकार, प्रण नाथ झा व अनिल शुक्ला ने अपने साथी रिटायर्ड जूनियर वर्क्स मैनेजर गुरमुखदास को जन्मदिन की बधाई व उपहार देते हुए, राष्ट्र धर्म से ओतप्रोत अपने अपने मंगलभाव प्रकट किये। यह कार्यक्रम ओ पी सिंह, संजय जैन, अनिल शुक्ला, स्पर्श जैन के कुशल संयोजन में सानन्द सम्पन्न हुआ।

**मुल्क में अम्नो और शांति की मांगी दुआ**

# रसल चौक में इमाम हुसैन की याद में हुआ लंगर का आयोजन



जबलपुर।

मुस्लिम धर्मावलंबियों के पैगम्बरे ए इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन की याद में रसल चौक में बब्लू पहलवान द्वारा कुरआन ख्वानी व लंगर का एहतेमाम किया गया। उन्होंने बताया कि मोहर्रम के अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी हजरत इमाम हुसैन रदिअल्लाहो अन्हों की याद में कुर्आन ख्वानी व लंगर का एहतेमाम किया गया जिसमें सभी ने मुल्क हिन्दुस्तान में अम्नो और शांति की दुआ मांगी। इस अवसर पर बब्लू पहलवान,शफी खान, सोहेल मालगुजार, सुलेमान मास्टर, जफर भाई, जुबैर मालगुजार, मो. हासिम, कामरान अली, मो. बाकर, मो. गुफरान, मो. फैजान, शोएब बाबू, मो. तौसीफ सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# ई-रिक्शों की सड़कों पर अराजकता

**जबलपुर।** भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा बैटरी चालित ई-रिक्शों को परमिटों से छूट देने का गलत लाभ उठाये जाने से सड़कों पर अराजकता फैली हुई है। इस छूट के कारण ई-रिक्शों का न तो रूट, न ही स्टापेज स्थान तय हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में तत्काल नियंत्रण करने के लिए नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ.पी.जी. नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने केन्द्र तथा प्रदेश सरकार के सड़क परिवहन मंत्रालय, नीति आयोग, तथा परिवहन आयुक्त ग्वालियर को एक नोटिस भेजा है। नोटिस में कहा गया है कि कानून के तहत ई-रिक्शों के सड़क मार्ग तथा स्टापेज स्थान तय नहीं हो पा रहे है। अब वे कही पर चलते हैं तथा कही भी रूक जाते हैं प्रदेश के सभी शहरों में ई-रिक्शों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कुछ तो बगैर पंजीयन के चल रहे है। लिहाजा इस स्थिति से निपटने के लिये डॉ. शैलेन्द्र श्रीवास्तव, परिवहन आयुक्त ग्वालियर ने वर्ष 2019 में ही सभी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिये थे कि ई-रिक्शों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। इन निर्देशों को 6 वर्ष बीत जाने के बाद भी हालातों में सुधार नहीं हो पाया है

# "वसुधैव कुटुम्बकम : भारतीय अवधारणा" विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

जबलपुर।

श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में 20 अगस्त को उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत "वसुधैव कुटुम्बकम : भारतीय अवधारणा" विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम का सफल आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. एस. चंडोक मार्गदर्शन में किया गया।

प्राचार्य डॉ. आर.एस. चंडोक ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि "वसुधैव कुटुम्बकम" की अवधारणा भारतीय संस्कृति की आत्मा है। यह विचार हमें सिखाता है कि पूरा विश्व एक परिवार है और सभी जीव एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। आज की वैश्विक परिस्थितियों में इस भारतीय दर्शन की प्रासंगिकता और भी अधिक बढ़ गई है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस विचार को जीवन में आत्मसात करें और मानवता, करुणा एवं सहयोग की भावना को अपने व्यवहार का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को भारतीय परंपरा, मूल्य एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हैं, जो कि उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। इसके पश्चात कार्यक्रम की अगली श्रृंखला में विद्यार्थियों द्वारा "भारतीय ज्ञान परंपरा और वसुधैव कुटुम्बकम" की दार्शनिक एवं व्यावहारिक प्रासंगिकता पर भाषण, गायन एवं नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की शिखा पाराशर, डॉ. मनीष शाह, डॉ. शिवमणि मिश्रा, प्रकृति विश्वास, डॉ. विमल शुक्ला, डॉ. रोहित वर्मा, डॉ. संध्या कोष्टा, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. आरती शुक्ला एवं अन्य समस्त प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।



## ग्वालियर जनांकिकी एवं पर्यावरणीय अंतर संबंध एक दशकीय अध्ययन पुस्तक का विमोचन

**जबलपुर।** ए पी नर्मदा महाविद्यालय की एन.सी.सी. प्रभारी लेफ्टिनेंट दिव्या पाराशर द्वारा रचित पुस्तक जिसका शीर्षक है ग्वालियर जनांकिकी एवं अंतर संबंध एक दशकीय अध्ययन का विमोचन संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव द्वारा किया गया लेखिका द्वारा बताया गया है कि इस पुस्तक मैं ग्वालियर नगर के भूगोल पर अध्ययन करके उसके पिछले 50 वर्षों का आंकड़ा संकलन करने के बाद पुस्तक को लिखा गया है ताकि भविष्य में इस नगर के विकास के लिए यह शोध काम आ सके पुस्तक विमोचन के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव सहित अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ठाकुर अजीत श्रीवास्तव धवल श्रीवास्तव प्रियंका श्रीवास्तव ज्ञानचंद गोलछा तुलसीदास द्रविड़ महाविद्यालय के रजिस्ट्रार मानवेंद्र सिंह महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सोनल खरे प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## आउट सोर्स एवं दैनिक वेतन पर कार्यरत कर्मचारियों का वेतन शीघ्र बढ़ाया जाए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के संभागीय अध्यक्ष हेमंत ठाकरे ने बताया कि विभिन्न विभागों में दैनिक वेतन एवं आउटसोर्स के माध्यम से कार्यरत डाटा एंट्री आपरेटर को लगभग 15 से 16 हजार, सुरक्षा कर्मी, सफाई कर्मी को 10 से 12 हजार रुपये ही वेतन वर्तमान में मिल रहा है। कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटर, लिपिक, सुरक्षा कर्मी, सफाई कर्मी, वाहन चालकों, भृत्य, प्लंबर, कारपेंटर इत्यादि को अत्यंत अल्प वेतन मिल रहा है जबकि इस मंहगाई के दौर में उक्त कर्मचारियों को न्यूनतम 20 से 25 हजार वेतन प्रतिमाह मिलना चाहिए एवं प्रतिवर्ष महंगाई के हिसाब से वेतन में वृद्धि की जाना चाहिए। संगठन के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, हेमंत ठाकरे, मीनुकान्त शर्मा, दिनेश गोंड, राकेश श्रीवास, रऊफ खान, एनोज विक्टर, राजकुमार यादव, गुडविन चार्ल्स, उमेश सिंह ठाकुर, फिलिप एंथोनी, ने मुख्यमंत्री से माँग की है कि कर्मचारियों का वेतन कम से कम 20 से 25 हजार किया जाए।



## घर-घर विराजेंगे मिट्टी से बने गणपति

**जबलपुर।** मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा 20 अगस्त को लालबाग के राजा की शुद्ध मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमा विधायक अशोक रोहणी के केंट कार्यालय में भेंट की गई। विधायक श्री रोहणी ने जबलपुर के सभी गणपति बनाने वाले कारीगरों से आग्रह किया कि वो केवल शुद्ध मिट्टी से निर्मित गणपति मूर्ति का निर्माण करें और मूर्ति का विसर्जन अपने घर या नगर निगम द्वारा निर्मित कुंड में करें और जो मिट्टी एकत्र हो उसमें एक पौधा माँ के नाम लगाएं। इस अवसर पर डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष जबलपुर), संजय जैन विधायक प्रतिनिधि, एड. आशीष त्रिपाठी, एड. भावना निगम, आशीष राव, सौरभ गोयल, ज्योति पिल्ले सहित अन्य सदस्य शामिल हुए।

# कब होंगे छात्र संघ के चुनाव?

**एनएसयूआई ने किया उच्च शिक्षा मंत्री से सवाल**

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में व्याप्त विभिन्न अनियमितताओं और लगातार परीक्षाओं में की जा रही गड़बड़ी तथा प्रदेश मे छात्र संघ चुनाव की मांग के संबंध में एनएसयूआई ने उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार को ज्ञापन सौंपा। छात्रनेता अनुराग शुक्ला व शफी खान ने कहा कि छात्र-छात्राओं को हर मामले में परेशान होना पड़ रहा है शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक व छात्रावास जैसी मूलभूत व बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है। छात्रों को छात्रावास में सुविधाओं की कमी से जूझना पड़ रहा है छात्रावास भवन जर्जर हो चुके हैं छत से पानी टपक रहा है प्रत्येक कमरों की छत का प्लास्टर जर्जर हालत में है छात्रों को सोने, पढ़ाई करने में परेशानी हो रही है छत के सरिया बाहर निकल आए हैं।



**छात्र संघ चुनाव की मांग**

एनएसयूआई ने ज्ञापन में छात्र संघ चुनाव आयोजित करने की मांग की है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष छात्र संघ चुनाव कराए जाने का प्रावधान है परंतु पिछले 8 वर्षों से मध्यप्रदेश मे छात्र संघ चुनाव नहीं हुए है जबकि छात्रो से छात्रसंघ शुल्क वसूला जाता है। ज्ञापन सौंपते समय अदनान अंसारी, प्रतीक गौतम, सक्षम यादव, एजाज अंसारी,मो.वकार, अंकित कोरी, युग ठाकुर आदि मौजूद थे।




# जिज्ञासा के क्षेत्रीय सम्मेलन एवं राज्य आरोग्य मेला आयोजित

**जबलपुर में गूंजे आयुर्वेद की जय के नारे**

जबलपुर।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के जिज्ञासा आयाम द्वारा आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन एवं राज्य आरोग्य मेले का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस सम्मेलन में आयुर्वेद शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में विविध दृष्टिकोणों पर मंथन हुआ। कार्यक्रम के समापन सत्र में अभाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री एस. बालकृष्ण मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत प्रचारक श्री ब्रजकांत जी, महर्षि सुश्रुत आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. अशोक खंडेलवाल, राष्ट्रीय सलाहकार (जिज्ञासा) डॉ. घनश्याम वत्स, श्री रवि शंकर जी, डॉ आदर्श रावत, प्रदेश मंत्री माखन शर्मा , प्रांत संगठन मंत्री मनोज यादव, प्रांत सह संगठन मंत्री आशीष शर्मा, महानगर संगठन मंत्री, सतीश गुप्ता,महानगर मंत्री आर्यन पुंज, राष्ट्रीय सह संयोजक (जिज्ञासा) श्री राजेश कल्याण, प्रांत संयोजक डॉ. रोहित पाण्डेय, प्रांत सह संयोजक डॉ. अमित सिंह, डॉ. हरिता सचदेवा, गौरव तिवारी, साक्षी बोहरे, जतिन राठौर,जानवी जायसवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।अपने उद्बोधन में एस. बालकृष्ण जी ने कहा कि – "अभाविप केवल किसी एक प्रांत, प्रदेश या देश की सीमा में सीमित नहीं है। जिज्ञासा आयाम आयुर्वेद के लिए कार्य करने वाला विश्व का सबसे बड़ा मंच है, जो आधुनिकता और परंपरा के समन्वय से वैश्विक स्तर पर योगदान कर रहा है।"



# राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेसजनों ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**जबलपुर।** राजीव गांधी की जयंती पर नौदराब्रिज स्थित उनकी प्रतिमा पर कांग्रेसियों द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगर, कांग्रेस नगर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, दिनेश यादव, पूर्व क्षेत्र विधायक लखन घनघोरिया, बरगी विधायक संजय यादव, उमेश पटेल, विष्णु विनोदिया, प्रशांत मिश्रा, श्याम कनौजिया, मनोज नामदेव और समस्त कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने लगाया जागरुकता शिविर

**जबलपुर ।** शासकीय कन्या शाला परिसर व एकलव्य आवासीय विद्यालय रामपुर में विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शक्ति वर्मा ने बताया कि अधिकार व कर्त्तव्य परस्पर पूरक है। उन्होंने बताया कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जहां नागरिक पूरी स्वतंत्रता के साथ रहते हैं। अधिकार और दायित्व दोनों ही साथ-साथ चलते हैं। यदि हम अधिकार रखते हैं तों हम अधिकारों से जड़े हुए कुछ दायित्व भी पूरे करने होते हैं। इस अवसर पर शासकीय कन्या शाला परिसर की प्राचार्य वनिता घई, एकलव्य आवासीय विद्यालय की प्राचार्य गीता साहू व शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्रं 11/2025-26/ दिनांक 20/08/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुभम झारिया पिता स्व. श्री शीतल प्रसाद झारिया ने वार्ड क्रमांक 67 वाड़ का नाम रानी अवंती बाई वाड़ के सम्पत्ति पिन क्रमांक 1002978314 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 1200 भूमि विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज (1) श्रीमति किरण चौबे पति श्री सचिन चौबे (2) श्री सचिन चौबे पिता श्री आनंद चौबे का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**

(विक्रय-पत्र)
**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्र./अ-6/2025-26 जबलपुर, दिनांक 20/8/25

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विमलेश सोनी पिता/पति रमेश कुमार सोनी निवासी 605/1 आनंद कॉलोनी चेरीताल के द्वारा मौजा जबलपुर/ ब्लॉक- नंबर- प्लॉट नंबर- स्थित भूमि खसरा नंबर 139/1/1/7/1/1/1/1/1 में से रकवा 2400 वर्गफुट भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता विश्वनाथ प्रसाद सोनी से रजिस्टर्ड विक्रय मृत्यु दिनांक 7/7/2023 से क्रय किया जाना लेख किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 4/9/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 20/8/25, पेशी दिनांक 4/9/25
मुद्रा
तहसीलदार
अधारताल, जबलपुर

